राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत सरकार द्वारा युवा गतिविधियों के लिये भोपाल के **शुभम चौहान** का **'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2018-19'** के लिये चयन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इन्हें **12 अगस्त, 2021** को **अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस (International Youth Day)** के अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा।
- यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष **युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय** भारत सरकार द्वारा युवाओं के राष्ट्र निर्माण के लिये उनकी उत्कृष्ट गतिविधियों के लिये प्रदान किया जाता है।
- शुभम चौहान ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटने के बाद, भारत सरकार द्वारा मार्च 2020 में जम्मू-कश्मीर में आयोजित **राष्ट्रीय एकता शिविर** में मध्य प्रदेश के दल का नेतृत्व किया था।
- इसी तरह इन्होंने **मणिपुर-नगालैंड** में आयोजित **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** कार्यक्रम (**Ek Bharat-Shreshtha Bharat Yojana**) में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-youth-award